दिन–गुरूवार दिनांक– 18 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि नीट–यूजी की दोबारा परीक्षा ठोस आधार पर होनी चाहिए और इससे पूरी परीक्षा की शुचिता प्रभावित होगी। मुख्य न्यायाधीश डी0 वाई0 चन्द्रचूड की नेतृत्व वाली सर्वोच्च न्यायालय की पीठ आज नीट–यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं से संबंधित चालीस से अधिक याचिकाओं की सुनवाई कर रही है। पीठ ने कहा कि सी बी आई की जांच जारी है। सी बी आई ने जो कुछ भी कहा है अगर इसका खुलासा होता है तो इससे जांच प्रभावित होगी।

————————————————————————

नीट–यूजी प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के चार छात्रों को हिरासत में लिया है। एम्स, पटना के कार्यकारी निदेशक डॉक्टर जी.के. पाल ने कहा कि जिन छात्रों को हिरासत में लिया गया है वे एमबीबीएस पाठ्यक्रम के दूसरे और तीसरे वर्ष के हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने इन छात्रों के लैपटॉप भी जब्त कर लिए हैं और उनके कमरे सील कर दिए हैं। इन छात्रों से सीबीआई पूछताछ कर रही है।

————————————————————————

पटना हाई कोर्ट ने आज शिक्षक अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए बीपीएससी टीआरई वन का पूरक रिजल्ट जारी करने का आदेश दिया है। अभ्यर्थियों ने पटना हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर बीपीएससी टीआरई वन का पूरक रिजल्ट जारी करने की मांग की थी। अभ्यर्थियों की मांग पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पूरक रिजल्ट जारी करने का आदेश बीपीएससी और शिक्षा विभाग को दिया है। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर दो हजार तेईस में बीपीएससी टीआरई वन का रिजल्ट जारी हुआ था।

————————————————————————

न्यायमूर्ति नोंगमेइकापम कोटिस्वर सिंह और न्यायमूर्ति आर महादेवन ने आज सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने दोनों जजों को शपथ दिलाई। इससे पहले, न्यायमूर्ति नोंगमेइकापम कोटिस्वर सिंह जम्मू–कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे और न्यायमूर्ति आर महादेवन मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे।

————————————————————————

राज्य सरकार कपड़ा मंत्रालय के सहयोग से कल पटना में टेक्सटाइल इन्वेर्स्टस मीट का आयोजन करेगी। सम्मलेन में केन्द्रीय कपड़ी मंत्री गिरिराज सिंह भी शामिल होंगे। इस संबंध में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्र ने आज पटना में संवाददाताओं को बताया कि इस सम्मेलन में कपड़ा उद्योग से जुड़े निवेशक भाग लेंगे।

————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता में कमी आयी है। लोगों को एक बार फिर तेज धूप और उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के दक्षिण–पूर्व भागों में एक–दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी है। अगले अड़तालीस घंटों के दौरान पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, अररिया और किशनगंज जिले समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम तथा उत्तर–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के साथ वज्रपात की सम्भावना है।

————————————————————————

प्रदेश से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा, घाघरा, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा, परमान और अधवारा समूह की नदियां उफान पर हैं।

————————————————————————

राज्य सरकार ने बाढ़ की स्थिति को देखते हुए इकतीस जिलों के सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां पंद्रह सितम्बर तक रद्द कर दी है। अरवल, औरंगाबाद, बांका, गया, जमुई, जहानाबाद, कैमूर, नवादा और रोहतास जिले को छोड़कर सभी जिलों में यह आदेश प्रभावी होगा।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।